हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 27 अगस्त 2025

11 लगातार बरसात से सड़क से बाजार...



11 भाजपा के प्रशिक्षण शिविर बताईं योजनाएं



॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
MR DEGREE COLLEGE
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) / B.SC. (Non-Medical)
B.A. / B.COM / M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. / JBT / D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903367, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com

## खबर संक्षेप

### लिंगानुपात सुधार के लिए निकाली रैली

**महेंद्रगढ़।** गांव बलाहा खुर्द में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत लिंगानुपात सुधार के लिए जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया। रैली सरपंच आशा देवी की अध्यक्षता में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के इंचार्ज प्राथमिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कुमार के दिशा निर्देशन मे की गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को लिंगानुपात को सुधारने, कन्या भ्रूण हत्या को रोकना और कन्या भ्रूण हत्या करवाने वाले पर कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

### डिगरोता में अफसरों का रात्रि ठहराव आज

**महेंद्रगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रशासन को जनता के करीब लाने की अनूठी पहल के तहत जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 27 अगस्त को सतनाली खंड के गांव डिगरोता में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मनोज कुमार करेंगे।

### गाड़ी की चपेट में आने से 11 वर्षीय बच्चे की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव बलाना में 11 वर्षीय बच्चे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक बच्चा घर से बाहर घरेलू सामान लेने जा रहा था। पुलिस ने मृतक बच्चे का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसके अलावा पुलिस ने आरोपित गाड़ी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बलाना निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो लड़के व एक लड़की है। सबसे छोटा 11 वर्षीय लड़का रवि उसके भाई हवासिंह के साथ दुकान से घरेलू सामान लेने जा रहा था।

### फसलों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार की ओर से मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों का पंजीकरण किया जा रहा है। सरकार की ओर से पंजीकरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 अगस्त है, ऐसे में जिन किसानों ने अभी तक खरीफ फसलों का पंजीकरण नहीं करवाया है, वह 31 अगस्त तक पंजीकरण करवा सकते हैं।

### जियो फेंसिंग उपस्थिति के विरोध में उपवास कल

**नारनौल।** जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के विरोध में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी 28 अगस्त को सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष उपवास करेंगे। इसके बाद सिविल सर्जन के माध्यम से राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के नेता डॉ. राजेश ख्यालिया, शर्मिला देवी, डॉ. कपिल शर्मा, अमित बुरा व राममेहर वर्मा ने बताया कि प्रदेश के चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी लौकतांत्रिक तरीके से 8 जुलाई को स्वास्थ्य मन्त्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें स्वास्थ्य मन्त्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के पदाधिकारियों को भरोसा दिया।

*पेड़ के रखरखाव करने वाले दिए थे 2750 रुपये*

## जांच के बाद 70 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ों को मिलेगी पेंशन, अगली किस्त की राशि होगी 3 हजार, गत वर्ष 131 पेड़ों को मिली थी पेंशन

- फिजिकल जांच के दौरान वन विभाग की ओर से गठित की गई टीम देखेगी पेंशन मिल रहे पेड़ सुरक्षित है या नहीं, सुरक्षित पेड़ों को भी मिलेगी पेंशन

महेश कुमार ⏭ नारनौल

वन विभाग प्राण वायु देवता योजना की आगामी किस्त जारी करने से पहले मौके पर जाकर जांच करेगा कि पेंशन मिलने वाले पेड़ सुरक्षित है या नहीं। सुरक्षित पेड़ों को आगामी पेंशन जारी की जाएंगी। इस वर्ष प्रदेश सरकार की ओर से पेंशन राशि में भी बढ़ोत्तरी कर दी गई है। अब 70 वर्ष के पेड़ों को तीन हजार रुपये पेंशन जारी होगी। बता दें कि प्रदेश सरकार की ओर से पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्राण वायु देवता योजना की शुरूआत करेगी। इस योजना के तहत पेड़े के देखभाल करने वालों को प्रति वर्ष 2750 रुपये की राशि जारी की जाती है। इसका उद्देश्य न केवल पर्यावरण को बचाना है बल्कि उन परिवारों को भी सहयोग देना है जो इन विशालकाय पेड़ों की देखरेख करते हैं। गत वर्ष जिले में 131 पेड़ों को यह पेंशन दी गई थी। विभाग की ओर से गत वर्ष इस योजना के तहत 360250 रुपये की राशि जारी की गई थी।



12 नारनौल। वन विभाग महेंद्रगढ़।

### सुरक्षित पाए गए पेड़ों को ही मिलेगी पेंशन

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बार 70 वर्ष से अधिक आयु के सात नए पेड़ों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन पर विभागीय कमेटी द्वारा जांच की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद योग्य पेड़ों को पेंशन योजना में शामिल किया जाएगा। वहीं पेंशन मिल रहे पेड़ो की किस्त जारी करने से पहले विभाग की ओर से गठित की गई कमेटी पेड़ों की फिजिकल जांच करेगा। विभाग द्वारा गठित विशेष टीम गांव-गांव जाकर यह सुनिश्चित करेगी कि जिन पेड़ों को पेंशन मिल रही है वे सुरक्षित हैं या नहीं। केवल सुरक्षित और संरक्षित पाए जाने वाले पेड़ों को ही अगली किस्त का लाभ मिलेगा।

### मौके पर जाएगी टीम

गत वर्ष विभाग की ओर से जिले के 70 वर्ष से अधिक आयु के 131 पेड़ों को 3,60,250 रुपये पेंशन जारी की गई थी। अब कुछ नए आवेदन आए हैं। वन विभाग की ओर से गठित टीम द्वारा पेंशन मिलने वाले पेड़ों को मौके पर जाकर देखा जाएगा कि सुरक्षित हैं या नहीं। उसके बाद ही पेंशन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### इन स्थानों पर है 70 वर्ष से अधिक आयु वाले पेड़

गांव भीलवाड़ा में तीन नीम व पीपल का पेड़, कोरियावास गांव में एक नीम व एक जंड का पेड़, गांव कुलताजपुर में एक बरगद व दो जाल, गांव सराय बहादुर नगर में दो जंड के पेड़ व एक पीपल, अटाली में बरगद, डबलाना दो पीपल व एक जाल, फैजलीपुर दो नीम, दो पीपल व एक बरगद, खामपुरा में एक नीम, खासपुरा एक पीपल, खोड एक जंड, कुंजपुरा एक जंद, एक पीपल व एक जाल, मंडी में एक पीपल, मुकंदपुरा एक बरगद, रामपुरा एक जंड, सागरपुर एक पीपल, सलोनी में दो पीपल, सिहमा में एक जाल व एक नीम, ताजीपुर में दो पीपल, दो जाल, एक बरगद व नीम, थाना गांव में तीन नीम व एक पीपल, आदलपुर एक जंड, बारड़ा में एक पीपल, भड़फ में दो पीपल, भुरजट में नीम व बरगद, छितरौली में एक पीपल, दुलोठ में दो जंड, गडानिया दो नीम व एक पीपल, गाहड़ा एक इंदौक व कैम, गढ़ी एक पीपल, गोमली एक पीपल, गुढा एक पीपल व बरगद, जाट में एक नीम व एक इंदौक, झिगावन में जंद, कैमला में एक जंड, खेड़ी में एक इंदौक, खुडाना एक पीपल व एक बरगद, कोका एक जंड, कौथल खुर्द एक पीपल, महेंद्रगढ़ मोदाश्रम व दो बरगद व छह पीपल, पहाड़वास के एक पीपल, पीपल में पांच पीपल व दो बरगद, पाथेडा दो जंड, सतनाली दो जंड, सतनाली बास चार जंड, सुंदरह एक पीपल, ऊंची भांडोर एक नीम व दो पीपल, बामनवास एक पीपल, बनचौली बरगद, दौखेरा में एक बरगद, गांवड़ी जाट एक पीपल व ईमली, गोलवा एक पीपल, गोठड़ी एक बरगद, जैनपुर छह पीपल, दो बरगद व नीम, कालबा दो बरगद व एक पीपल, मोखूता एक बरगद, मूसनौता चार पीपल, दो इमली, एक नीम, दो बरगद, नारेहड़ी में एक पीपल, शाहबाजपुर में एक पीपल व सुरहेली में एक बरगद के पेड़ को पेंशन मिल रही है।

### बरसात के चलते एक घंटा देरी से शुरू हुई बैठक

## करीब दो घंटे चली नगर परिषद की एफसीसी की बैठक रही बेनतीजा

डीएमसी रणबीर सिंह के नेतृत्व में उनके कार्यालय में सोमवार प्रात: को आयोजित की गई थी एफसीसी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

डीएमसी ऑफिस में नगर परिषद की फाइनेंस कांट्रेक्ट कमेटी की आयोजित बैठक बेनतीजा रही। यह बैठक करीब दो घंटे चली, लेकिन विवादों में उलझने के कारण इसमें कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया। इस मीटिंग में जिला नगर आयुक्त रणबीर सिंह, चेयरपर्सन कमलेश सैनी एवं कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल समेत नगर परिषद के अधिकारी एवं पार्षदगण मौजूद रहे।

नगर परिषद में सोमवार प्रातः करीब 10 बजे एफसीसी यानि वित्त अनुबंध समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया, लेकिन बरसात का मौसम होने के कारण यह करीब एक घंटा देरी से शुरू हुई। इस मीटिंग में नगर परिषद के वाइस चेयरमैन संजीव यादव का कहना था कि उन्होंने पिछली मीटिंग में कुछ कार्य करवाने को पटल पर रखे थे और उन्हें कार्यवाही में शामिल भी कर लिया गया था, लेकिन उन कार्यों को स्वीकृति नहीं दी गई, जिस कारण वह सारे कार्य अब भी पेंडिंग ही हैं और आमजन परेशान हो रहे हैं, जबकि वह कार्य भी जनहित से जुड़े हुए थे। उन्होंने बताया कि बरसात के कारण शहर में अधिकांश सड़कों में गड्ढे हो गए हैं, जिस कारण लोगों खासकर वाहनों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि डीएमसी ने इन कार्यों की फिजिबलिटी चेक करने उपरांत करवाने की बात कही थी। फिजिबलिटी भी चेक कर ली गई, लेकिन वह कार्य पूरे नहीं करवाए गए। इसलिए आज की मीटिंग में पहले पिछली मीटिंग के बचे हुए कार्यों को पूरा कराने की कार्यवाही की जाए। नगर पार्षद कपिल यादव भी वाइस चेयरमैन की बात से सहमत थे और यही बात दोहराई। मामला सड़कों की पेंचवर्क का था। इस पर चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कहा कि उन जैसी समस्या पूरे शहर की समस्या है। इसलिए उन कार्यों के साथ–साथ शहर के अन्य हिस्सों के कार्य भी शामिल कर लिए जाएं, लेकिन इस पर सहमति नहीं बन पाई। नगर पार्षद मोहनलाल शर्मा ने कहा कि आजकल बरसात के कारण लगभग पूरे शहर में जलभराव की समस्या हो रही है। चांदुवाड़ा, रावका समेत अनेक स्थानों पर जलभराव होने से लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। इसलिए पूरे शहर की जलभराव की समस्या को ठीक किया जाए। पार्षद कपिल यादव ने कहा कि हुडा के पार्कों, रावका, कोर्ट के पीछे एवं अन्य कई स्थानों पर अब भी बरसात का पानी भरा हुआ है।



नारनौल। एफसीसी की मीटिंग में भाग लेते डीएमसी रणबीर सिंह एवं अन्य।

### नॉन अप्रूव्ड कॉलोनियों का भी उठा मुद्दा

एफसीसी की मीटिंग की शुरूआत में नॉन अप्रूव्ड कॉलोनियों में विकास कार्य करवाने का मुद्दा भी उठा। वाइस चेयरमैन संजीव यादव का कहना था कि पहले के कार्यकालों में नॉन अप्रूव्ड कॉलोनियों में भी नगर परिषद के अधिकारी विकास कार्य करवाते थे, लेकिन अब उन्हें आपत्ति है। यह अब आपत्ति है तो पिछले कार्य कैसे करवा दिए गए। यदि वह गलत हैं तो उन पर संज्ञान लेकर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन यह मामला भी पुराने अधिकारियों होने के चलते टाल दिया गया।

### यह बोले डीएमसी

डीएमसी रणबीर सिंह ने बताया कि आज एफसीसी की मीटिंग थी, उसमें कुछ पार्षदों के ऐतराज थे, जिन्हें दूर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चेयरपर्सन के बेटे के दखल पर भी ऐतराज था, जिसे अगली मीटिंग में दूर कर दिया जाएगा।

### बैठक में ये रहे मौजूद

मीटिंग में डीएमसी रणबीर सिंह, चेयरपर्सन कमलेश सैनी, वाइस चेयरमैन संजीव यादव, ईओ दीपक गोयल, कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा, पार्षद मनोज सैनी, पार्षद कपिल यादव, अकाउंट्स ब्रांच से दीपक सैनी, जेई विकास, सफाई ब्रांच से सुमेर, जेई प्रवीण खटक एवं जेई कृष्ण यादव आदि मौजूद रहे।

## खराब मौसम के चलते डॉ. ओपी यादव मेमोरियल खेल महाकुम्भ स्थगित

*हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़*

*क्षेत्र में तेज बारिश व मौसम के अत्यधिक खराब होने की वजह से खिलाड़ियों की सुरक्षा व क्षेत्रवासियों के आग्रह पर डॉ. ओपी यादव मेमोरियल खेल महाकुम्भ 2025 जो 27 व 28 अगस्त को होना प्रस्तावित था, फिलहाल अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। एडवोकेट नरेन्द्र राव ने कहा कि प्रबंधन समिति डॉ. ओपी यादव मेमोरियल खेल महाकुम्भ सभी खेल प्रेमियों को हुई असुविधा के लिए खेद प्रकट करती है। खेलों की अगली तारीख व स्थान जल्द ही घोषित की जाएगी।*

*बता दें कि आरपीएस समूह की ओर से डॉ. ओपी यादव मेमोरियल खेल महाकुंभ का आयोजन कनीना में 27 व 28 को निर्धारित था। जिसके लिए निःशुल्क पंजीकरण 26 अगस्त तक ऑनलाइन व ऑफलाइन हुआ। इसके अलावा पांच व 10 किलोमीटर की मिनी मैराथन का आयोजन भी इसी कार्यक्रम के तहत 27 अगस्त को सुबह महेंद्रगढ़ में निर्धारित थी, लेकिन अब तेज बरसात व खराब मौसम को देखते हुए पूरे कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। वहीं कनीना में प्रस्तावित वॉलीबॉल, कबड्डी व एथलेटिक्स टूर्नामेंट को भी स्थगित कर दिया गया है। खेल प्रेमियो के उत्साह को देखते हुए शीघ्र ही आगामी तिथि घोषित की जाएगी।*



महेंद्रगढ़। स्व. डॉ. ओपी यादव।

### सनराइज के छात्र का प्रदेश स्तर के लिए चयन

नांगल चौधरी। अटेली में संपन्न हुई खेलकूद प्रतियोगिता में सनराइज स्कूल नांगल चौधरी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। छात्र मोहित कुमार ने जिला लेवल पर 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया है। स्कूल के चेयरमैन विनोद शर्मा व निदेशक बिरेंद्र सिंह ने विजेता छात्र को पुरस्कृत किया है। प्राचार्य महेंद्र शर्मा ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया था। इसके बाद सोमवार को संपन्न हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मोहित कुमार ने अंडर-17 आयू वर्ग की 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया है। स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि मोहित कुमार को प्रदेश स्तरीय टीम में शामिल किया गया है। विजेता छात्र के स्कूल पहुंचने पर प्रबंधन कमेटी ने अभिनंदन किया है।

## कुश्ती प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रवेश कुमार का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

केएल मैमोरियल स्कूल इस्लामपुरा के छात्र प्रवेश कुमार ने जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रतिभाशाली छात्र को स्कूल प्रबंधन कमेटी व विद्यार्थियों ने अभिनंदन किया है। इसके बाद संस्था के चेयरमैन सुभाषचंद गुर्जर ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा प्रदर्शन को निखारने के लिए प्रेरित किया है। प्राचार्य राजबीर सिंह ने बताया कि मानसिक और शारीरिक विकास खेलों पर निर्भर होता है। इसलिए विभाग ने स्कूल व पंचायत स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं निर्धारित की हैं। बीते दिनों ब्लॉक स्तर पर खेलकूद स्पर्धा संपन्न कराई गई थी जिसमें विजेता रहे प्रतिभागियों को जिला लेवल पर खिलाया गया है। केएम मैमोरियल स्कूल के 25 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में पंजीकरण कराया था, जिनमें छात्र प्रवेश कुमार ने अंडर-17 आयुवर्ग की 48 किलोग्राम वजन की कुश्ती में जीत हासिल की है। करीब 6 मिनट चली कुश्ती में प्रवेश ने 14 प्वाइंट अर्जित किए तथा प्रतिद्वंदी पलवान को पटखनी देकर प्रथम स्थान हासिल किया है। स्कूल पहुंचने पर विजेता छात्र का अभिनंदन किया तथा ग्रामीणों ने फूलों की बारिश करके प्रोत्साहित किया है। छात्र प्रवेश कुमार ने कहा कि दृढ निश्चय और कठोर परिश्रम ही सफलता का आधार होता है। स्कूल चेयरमैन के मार्गदर्शन में डीपी ने निरंतरता पूर्वक शारीरिक अभ्यास कराया था जिसकी बदौलत दंगल जीतने में कामयाबी मिलना संभव हो पाया है।



नांगल चौधरी। कुश्ती प्रतियोगिता में जिला विजेता बने छात्र प्रवेश कुमार को सम्मानित करते चेयरमैन सुभाषचंद। फोटो : हरिभूमि

### 11 सप्ताह चलेगा स्वच्छता अभियान

## शहर की स्वच्छता को लेकर बैठक में मंथन

- अभियान के दौरान गली मौहल्ले, चौक चौराहों पर होगी सफाई
- वातावरण को साफ व स्वच्छ रखने के लिए सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा सरकार के निर्देश पर स्वच्छ शहर अभियान चलाया जाएगा। यह स्वच्छ संकल्प अभियान हरियाणा दिवस तक लगातार जारी रहेगा। इसी अभियान को लेकर मंगलवार को उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में अधिकारियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ बैठक करके कार्ययोजना तैयार की। डीसी ने कहा कि जन भागीदारी के साथ हम सबको मिलकर 11 सप्ताह तक यह अभियान चलाना है। इस अभियान के दौरान गली मौहल्ले, चौक चौराहों, सरकारी भवन तथा पार्क आदि पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने इस बैठक के दौरान सभी सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे प्रोएक्टिव अप्रोच के साथ जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि लगातार नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे कहीं भी खुले में कूड़ा न फैंके, निर्धारित स्थान पर ही डालें। हम गंदगी फैलाएंगे नहीं तो उठाने की नौबत ही नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि वातावरण को साफ व स्वच्छ रखना केवल सरकार का नहीं, बल्कि आमजन का भी कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान अच्छा काम करने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर एडीसी सुशील कुमार, एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ कनिका गोयल, डीएमसी रणवीर सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह, नगराधीश डॉ. मंगलसेन के अलावा अन्य अधिकारी तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।



नारनौल। लघु सचिवालय में मीटिंग लेते उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

### सहयोग का आश्वासन

इस मौके पर जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष वैद्य किशन वशिष्ठ, वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र चौधरी व अन्य पदाधिकारीयों ने उन्हें आश्वासन दिया कि व्यापार मंडल पूरी तरह इस कैंपेन में प्रशासन का पूरा सहयोग करेगा। वशिष्ठ ने उपायुक्त को एक सप्ताह पहले जोरासी रोड पर भयंकर आग लगने से व्यापारी राकेश बंसल के करोड़ों रुपये के हुए नुकसान की जानकारी देते हुए कहा कि, प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं गया। इस पर उपायुक्त ने विश्वास दिलाया कि आज या कल में अवश्य वे वहां का दौरा करेंगे।



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।



लाइफ Style

# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आई हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।


कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।

हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल



बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।

# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में



आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।

## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख़ खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

## खबर संक्षेप

### घर में सोए व्यक्ति को मारी गोली, घायल

**कनीना।** बीती रात्रि को गांव कोटिया में घर में सोए व्यक्ति पर अज्ञात लोगों ने गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए उपनागरिक अस्पताल कनीना भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव कोटिया निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि वह कनीना में ऑटो चलाता है। रात को करीब 2:15 बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर सो रहा था। इसी दौरान तेज आवाज आई। उसकी पत्नी को लगा कि इनवर्टर की बैटरी फट गई होगी। तभी धर्मेंद्र ने कहा कि उसके पैर में बांयटा आ गया है, पैर को सीधा करो।

### चार सितंबर को होने प्रदर्शन को लेकर बैठक

**नारनौल।** दिल्ली के जंतर–मंतर पर 4 सितंबर को आयोजित होने वाली विरोध प्रदर्शन में जिला की मिड डे मील कार्यकर्ता बढ़–चढ़कर भाग लेंगी। मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन की जिला प्रधान सुनीता व जिला सचिव संतोष यादव ने कहा कि एआईयूटीयूसी ऑल इंडिया कमेटी के आह्वान पर मिड-डे मील कार्यकर्ता अपनी आवाज केंद्र सरकार तक पहुंचाएंगी। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए दोपहर का भोजन पकाने, बच्चों को खाना खिलाने से बर्तन आदि साफ करने में पूरा दिन लग जाता है। फिर भी सरकार उन्हें न तो अपना श्रमिक मानती है और न ही न्यूनतम वेतन ही देती है।

### तम्बाकू निषेध जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देशानुसार खंड शिक्षा अधिकारी पवन भारद्वाज के मार्गदर्शन में तंबाकू निषेध पीढ़ी के तहत यदुवंशी शिक्षण निकेतन नारनौल में खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर सुरेश यादव व प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें समाज में तम्बाकू छोड़ने का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए नशामुक्त भारत बनाने का संकल्प दिलवाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को यह संदेश देना है कि तम्बाकू जीवन को नष्ट करता है, इसे त्यागना ही सच्चा स्वास्थ्य है।

## जिले में बीते चार दिन से हो रही बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त


# लगातार बरसात से सड़क से बाजार तक जलभराव, आफत में आमजन

**मोहल्ला महायचान में तो घरों तक पहुंचा बारिश का पानी, घरों के अंदर कैद होने को मजबूर हुए लोग**

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़।

क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही बारिश का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। मंगलवार सुबह तेज बारिश के बाद शहर की मुख्य सड़क व बाजारों में जलभराव होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। गोशाला रोड, सिनेमा रोड, बालाजी चौक, माजरा चुंगी, शंकर मार्केट, मोहल्ला महायचान, एसडीएम आवास के पास, पुराना नारनौल रोड, विश्वकर्मा चौक, आईटीआई रोड, ऑटो मार्केट, डुलाना रोड, बस स्टैंड के बाहर, ब्रह्मचारी रोड पर जलभराव से सड़कों के गड्ढे वाहन चालकों को दिखाई नहीं दे रहे थे। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर की सड़कों पर पानी जमा रहने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हुई। बता दें कि क्षेत्र में बीते चार दिनों से लगातार बरसात हो रही हैं। बरसात के चलते शहर की अधिकतर सड़कें जलमग्न हो गई हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। लगातार बरसात होने के चलते फसल में भी नुकसान देखने को मिल रहा हैं। एसडीएम रोड पर पानी निकासी की नहीं व्यवस्था लगातार बरसात होने से शहर के गली-मोहल्लों की सड़कों पर पानी जमा से वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया। मोहल्ला महायचान में तो घरों तक बारिश का पानी जमा गया। इसके अलावा गली में चार दिन से बरसात का पानी जमा हैं। जिसके चलते मोहल्ला वासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। वहीं





महेंद्रगढ़। मोहल्ला वाल्मीकि में जमा बरसात का पानी। फोटो : हरिभूमि

### शहर के इन इलाकों में पानी जमा

बरसात से शहर के अनेक हिस्सों में पानी जमा गया। जिससे वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। शहर के मोहल्ला महायचान, ब्रह्मदेव चौक, खाद्य आपूर्ति विभाग कार्यालय, गंगा देवी पांड्ये नेत्र चिकित्सालय, डुलाना रोड, रेलवे फ्लाईओवर के नीचे, ब्रहमचारी रोड, ऑटो मार्केट, पुराना कोर्ट, डॉ. भगत वाली गली, सैन धर्मशाला के पास, मोहल्ला वाल्मीकि, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के सामने सहित अनेक जगहों पर जलभराव की स्थिति रही।

### अटेली में आधा घंटे जमकर बरसे मेघा, मौसम सुहावना

**मंडी अटेली।** क्षेत्र में मंगलवार को हुई बारिश आमजन को गर्मी से राहत मिली। वहीं जलभराव की स्थिति ने राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी। सुबह 10 बजे से बारिश लगभग आधे घंटे जमकर बरसी। उसके बाद हल्की बूंदाबांदी शाम तक जारी रही। इस बरसात में अटेली नगर पालिका की कार्यशैली की पोल खोल दी। अटेली में सड़कों पर जमा हुए बारिश के पानी की वजह से वाहन चालक उसी में गुजरने को मजबूर रहे। बारिश में नारनौल-रेवाड़ी रोड़ के साथ बस स्टैंड, रेलवे रोड, राधा कृष्ण मंदिर, पशु अस्पताल, अनाज मंडी, थाना रोड, अटेली तहसील व खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय परिसर , रेवाड़ी रोड पर धनुंदा मोड़ तक पानी ही अपनी नजर आया। इस जलभराव से यातायत भी प्रभावित रहा। अटेली में नारनौल रेवाड़ी रोड़ पर जलभराव हो गया। सर्वाधिक दिक्कत दोपहिया वाहन चला रहे लोगों को हुई। वहां सड़क पर लोगों को निकलने के लिए जगह नहीं बची। कई दोपहिया वाहन बंद हो गए। लोग उनको पैदल खींचते दिखे। सड़क के दोनों तरफ जाम की स्थिति बन गई। पैदल चल रहे लोगों को रेंग रेंगकर चलना पड़ा। वही इस एक घंटे हुई जोरदार बरसात के कारण किसानों को चिंता में डाल दिया। अटेली क्षेत्र के किसानों ने कपास की गांठें तोड़ना शुरू कर दिया है। वहीं अगले सप्ताह बाजरे की फसल कटाई में तेजी आने की संभावना है। हालांकि बारिश के कारण कपास की गांठों में नमी आ गई है और वह काली पड़ सकती हैं। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने बाजरे की खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। किसान महेंद्र, तेज प्रकाश, अशोक कुमार, इंद्रजीत यादव बारिश से चिंतित दिखाई दिए।



नारनौल। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य व थाना प्रभारी।

### नशे से बनाओ दूरी, सड़क नियमों का पालन जरूरी

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस और नशामुक्ति व सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के सौजन्य से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार दिशा-निर्देशों में सड़क सुरक्षा-नशा मुक्ति पर विशेष व्याख्यान और जागरूकता रैली प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। नशामुक्ति और सड़क सुरक्षा अभियान जागरूकता रैली को महिला थाना प्रभारी मीनाक्षी शर्मा व प्राचार्य ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यूथ रेडक्रॉस नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग से कंधा से कंधा मिलाकर महाविद्यालय में लगातार सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता रैली निकालने का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूक करना और नशा मुक्ति के महत्व के बारे में शिक्षित करना है। नशा और सड़क दुर्घटना दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति अभियान के महत्व को समझना और उसके नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है।

### हेमंत भारद्वाज ने पीडब्ल्यूडी मंत्री से की मुलाकात



नारनौल। पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा से चंडीगढ़ में मिलते भाजपा नेता हेमंत भारद्वाज।

**नारनौल।** भाजपा नेता हेमंत भारद्वाज एडवोकेट मंगलवार को पीडब्ल्यूडी बी एंड आर मंत्री रणवीर सिंह गंगवा से चंडीगढ़ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने महेंद्रगढ़, अटेली, फैजाबाद वाया सिहमा, मोहनपुर–कनीना सड़क मार्ग का नवनिर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाने का आग्रह किया। एडवोकेट हेमंत भारद्वाज ने कहा कि जिले में ये दो सड़क मार्ग बुरी तरह से टूटे हुए हैं, जिनके नवनिर्माण की मंजूरी दिलाने के लिए मंत्री आरती सिंह राव की विशेष भूमिका रही है। उन्होंने इन दो सड़कों की नवनिर्माण की मंजूरी दिलाने पर मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी, पीडब्ल्यूडी मंत्री रणवीर सिंह गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त किया। हेमंत भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस के शासन में जिले की ज्यादातर सड़कों की हालात खराब थी, लेकिन अब भाजपा के शासन में जिले को कई नेशनल हाईवे और नई सड़कों की सौगात मिल रही है, जिससे जिला को हरियाणा के मानचित्र पर अलग पहचान मिल रही है।

## कृमि संक्रमण से बचाव में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी जरूरी: डा. पूर्णप्रभा

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़।

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने की। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल से डॉ. संदीप सैनी व टीम सदस्य डॉ. उषा उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कृमिनाशक दवाइयां वितरित की गई और बच्चों को अपने समक्ष दवा खिलाई गई। जिससे विद्यार्थियों को इस अभियान के महत्व का सीधा अनुभव प्राप्त हुआ।

प्राचार्या डॉ. पूर्ण प्रभा ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस जैसे अभियान छात्रों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास तभी संभव है, जब वे स्वस्थ रहें। यदि शरीर में कृमि संक्रमण हो तो उसका प्रभाव सीधे पढ़ाई, स्मरणशक्ति और शारीरिक क्षमता पर पड़ता है। मुख्य वक्ता डॉ. संदीप सैनी ने कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों व युवाओं के शरीर में खून की कमी, थकान और अन्य गंभीर समस्याओं का कारण बनता है।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को कृमिनाशक दवाई वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा के प्रशिक्षण शिविर बताई योजनाएं

- सभी 14 मंडलों के प्रशिक्षण शिविर व मंडल कार्यकारिणी बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारतीय जनता पार्टी के सभी 14 मंडलों के प्रशिक्षण शिविर व मंडल कार्यकारिणी बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने बताया कि इन बैठकों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, आगामी कार्यक्रमों और सरकार की योजनाओं से अवगत कराना था, ताकि वे अधिक प्रभावी ढंग से जनसेवा और संगठनात्मक कार्यों को निभा सकें। प्रत्येक मंडल में चार सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें अलग-अलग विषयों पर विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रथम सत्र में पंच परिवर्तन व सेवा पखवाड़ा, द्वितीय सत्र में संगठनात्मक विस्तार एवं बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रम, तृतीय सत्र में प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं तथा चतुर्थ सत्र में मन की बात एवं सरल पोर्टल की कार्यप्रणाली विषय पर गहन चर्चा हुई। अलग अलग सत्र में हर मंडल में अलग अलग वक्ताओं को भेजा गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, विधायक ओम प्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, पूर्व मंत्री अभय सिंह, जिला प्रभारी शंकर धूपड़, पूर्व विधायक सीताराम यादव, प्रदेश पेनलिस्ट राकेश शर्मा, जिला प्रमुख डॉ. राकेश, पूर्व प्रदेश मंत्री मनीष मित्तल, जिला महामंत्री किशन लाल सैनी, योगेश शास्त्री, जेपी सैनी, पूर्व प्रदेश मंत्री जसवंत बबलू, रमेश तंवर, उपाध्यक्ष महिपाल यादव, जोगेन्द्र राजपूत, वासुदेव यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष दयाराम यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती सैनी, एससी मोर्चा अध्यक्ष कर्मवीर खीची, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, आईटी प्रमुख आनंद मेहता, राजेंद्र लांबा, अमित मिश्रा, मनजीत यादव आदिद मौजूद रहे।



नारनौल। बैठक में भाग लेते भाजपा के पदाधिकारी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै मोहन पुत्र मदनलाल मोहल्ला राव का नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरे पिता मदनलाल का स्वर्गवास 20.06.2025 को हो चुका है। उनकी एक जायदाद 164 वर्गगज मोहल्ला राव का में वसीका नं. 2454 पंजीकृत मिति 10.02.1988 की रूह से क्रय की हुई है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1. कैलाश 2. मोहन पुत्र 3 इन्दु पुत्री है। वहीं मेरी माताजी का देहान्त मेरे पिता से पहले हो चुका है। मेरी बहन इन्दु का देहान्त 25.04.2021 को हो चुका है। उनके भी निम्न वारिस है। 1 धीरज 2 नीरज पुत्र 3 पूनम पुत्री है। उक्त शपथपत्र पूर्णतया सत्य है। इसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै मोहन पुत्र मदनलाल मोहल्ला राव का नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरे पिता मदनलाल का स्वर्गवास 20.06.2025 को हो चुका है। उनकी एक जायदाद मोहल्ला राव का नारनौल में है। 177 वर्गगज जिसका वसीका नं. 2190 पंजीकृत मिति 07.01.1987 है वहीं दूसरी जायदाद जिसका वसीका नं. 1079 पंजीकृत मिति 23.07.1986 व वसीका नं. 1080 पंजीकृत मिति 23.07.1986 है। उक्त जायदाद में मेरे पिता 1/2 व विजय कुमार 1/2 के हिस्सेदार है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1. कैलाश 2. मोहन पुत्र 3 इन्दु पुत्री है। वहीं मेरी माताजी का देहान्त मेरे पिता से पहले हो चुका है। मेरी बहन इन्दु का देहान्त 25.04.2021 को हो चुका है। उनके भी निम्न वारिस है। 1 धीरज 2 नीरज पुत्र 3 पूनम पुत्री है। उक्त शपथपत्र पूर्णतया सत्य है। इसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै मोहन पुत्र मदनलाल मोहल्ला राव का नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरे पिता मदनलाल का स्वर्गवास 20.06.2025 को हो चुका है। उनकी एक जायदाद मोहल्ला फ्रांसखाना नारनौल प्रोपर्टी आईडी 3N77URU3 जिसका खसरा नं. 8817 है। उनके देहान्त के बाद उनके निम्न कानूनी वारिस है। 1. कैलाश 2. मोहन पुत्र 3 इन्दु पुत्री है। वहीं मेरी माताजी का देहान्त मेरे पिता से पहले हो चुका है। मेरी बहन इन्दु का देहान्त 25.04.2021 को हो चुका है। उनके भी निम्न वारिस है। 1 धीरज 2 नीरज पुत्र 3 पूनम पुत्री है। उक्त शपथपत्र पूर्णतया सत्य है। इसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

## कुश्ती में आरआरसीएम स्कूल ने लहराया परचम

- विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दकेर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़।

हाल ही में जिला स्तर पर शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में आरआरसीएम पब्लिक स्कूल कनीना के छात्रों ने परचम लहराया है। प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र वीरेन ने 45 किलोग्राम वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शिवम ने 70 किलोग्राम वर्ग में पहला स्थान, रोहित ने 62 किलोग्राम भारवर्ग में पहला स्थान, मयंक ने 60 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम, देवराज ने अंडर 14 में द्वितीय, शुभम ने 87 किलोग्राम वर्ग में प्रथम, शिवम ने 70 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम, महेश ने 87 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय के अध्यक्ष रोशनलाल यादव ने सभी छात्रों व उनके कोच हरिओम तंवर का सम्मान किया और आगे इसी तरह से प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपितु खेल क्षेत्र में भी अग्रणी है। इस मौके पर संस्था के प्रधानाध्यापक हरिप्रकाश शर्मा तथा अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

## उद्यमिता पखवाड़ा के तहत स्वदेशी वस्तुओं को अपने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव जैलाफ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य लोकेश कुमार की अध्यक्षता तथा उद्यमिता पखवाड़ा के इंचार्ज प्रवक्ता धर्मसिंह तथा सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत वोकल फोर लोकल विषय पर सेमिनार तथा स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि स्थानीय उत्पादों का विकास और प्रसार ही आत्मनिर्भरता के द्वार की कुंजी है। हमें अपने स्थानीय उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में चार सितंबर तक उद्यमिता पखवाड़ा मनाया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम उद्यमिता के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए करवाए जाएंगे। इंचार्ज प्रवक्ता धर्मसिंह ने कहा कि हमें स्थानीय व घरेलू उत्पादों के बारे में आवाज उठानी है, उनका प्रचार प्रसार करना है, उनको महत्व देना है तथा अधिक से अधिक प्रयोग करना है, ताकि हम छोटे-छोटे उधम लगाकर आत्मनिर्भर बन सके व स्वरोजगार प्राप्त कर सकें। आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा। जब सभी भारतवासी स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेंगे।



नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी।

## वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बीआर ज्ञानदीप विद्यालय का परचम

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास के खिलाड़ियों ने हाल ही में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने दमखम दिखाते हुए कई पदक अपने नाम किए और अपने संघर्ष व प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के छात्र जतिन ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार प्रदर्शन करते हुए सबको प्रभावित किया तथा स्टेट स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफलता हासिल की। यह उपलब्धि जतिन के साथ पूरे विद्यालय व क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। प्रतियोगिता में अन्य खिलाड़ियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। जिसमें अंडर 19 आयुवर्ग में यश कुमार ने 65 किलो भारवर्ग में शानदार ताकत दिखाते हुए रजत पदक जीता। इसी प्रतियोगिता में रोहित ने 70 किलोभार वर्ग में जबरदस्त संघर्ष कर रजत पदक हासिल किया। वहीं मोहित ने भी 70 किलोभार वर्ग में कांस्य पदक, छात्र हर्ष ने 78 किलोभार वर्ग में कांस्य पदक, जबकि मोहित ने इसी वर्ग में दमदार प्रदर्शन कर एक और कांस्य पदक अपने नाम किया। इसी कड़ी में अंडर 19 वर्ग के यश यादव ने 65 किलोभार वर्ग में कुश्ती में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामवीर यादव, चेयरमैन रूपराम यादव, डीपीई सुनील तंवर, चंद्रभान सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

### राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स की भर्ती 28 को

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान में आगामी वर्ष 2025-26 के लिए एनसीसी कैडेट्स (लड़कियां व लड़कों) की भर्ती 28 अगस्त को शुरू की जाएगी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय के सभी संकाय के छात्र–छात्रों को सूचित किया जाता है कि जो छात्र-छात्राएं एनसीसी लेना चाहते हैं वह दाखिला रसीद, दसवीं, बारहवीं की मार्कशीट, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक अकाउंट की डिटेल की आवश्यकता होगी। यह भर्ती महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. सपना यादव और लेफ्टिनेंट डॉ. भारत भूषण व 16वीं हरियाणा बटालियन के अधिकारियों के देख-रेख में की जाएगी। सबसे

## सैनी क्षेत्रीय सभा चुनावः प्रशासक को थाने में लेने पड़े नामांकन

- प्रधान व सचिव के लिए आया एक–एक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सैनी सभा भवन का ताला बंद होने तथा माहौल न बिगड़े, इसके लिए सैनी क्षेत्रीय सभा महेन्द्रगढ़ के चुनाव को लेकर प्रशासक को मंगलवार को नामांकन शहर थाने में ही लेने पड़े। इस दौरान प्रशासक के पास दो आवेदन आए, जिनमें एक प्रधान पद के लिए तथा दूसरा सचिव पद के लिए आवेदन आया। इस दौरान समाज के अलग-अलग पक्षों के लोग भी पहुंचे जहां पर शहर थाना प्रभारी महेश कुमार ने उन्हें समझाकर वापस भेज दिया। मंगलवार को समाज के काफी संख्या में लोग पुलिस थाने में पहुंचे। इस दौरान काफी बहसबाजी भी हुई। समाज के लोगों ने चुनाव के लिए जारी वोटर सूची पर सवालियां निशान खड़े किए तो यहां पर थाना प्रभारी महेश कुमार ने सभी को समझाया कि सभा पर नियुक्त प्रशासन उच्च दिशा-निर्देशानुसार अपना काम कर रहे हैं।

### सभा भवन का ताला मिला बंद

प्रशासक डॉ. योगेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि वह सुबह पहुंचे तो सभा भवन का ताला बंद था। वहां के माहौल को देखते हुए पुलिस थाने पहुंचे। यहां पर समाज के अन्य लोग भी पहुंचे थे। इस दौरान उनके पास प्रधान पद के लिए सुरेश कुमार पुत्र बसंत राम तथा सचिव पद के लिए होशियार सिंह सैनी का आवेदन प्राप्त हुआ। है। 27 अगस्त आवेदन की अंतिम तिथि है।

**सौंपा ज्ञापन** | वेतन न मिलने से नाराज सफाई कर्मचारी एकजुट

# सफाई कर्मचारियों ने बकाया वेतन की मांग को सौंपा ज्ञापन

**कर्मचारियों को नवंबर 2023 का वेतन अभी तक नहीं मिला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

खंड सिहमा के सफाई कर्मचारियों ने बीडीपीओ को ज्ञापन देकर बकाया वेतन की दिलाने की मांग की है। खंड सिहमा के प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि कर्मचारियों को नवंबर 2023 का वेतन अभी तक नहीं मिला है। इसके लेकर कई बार अधिकारियों को कई बार मांगपत्र भी सौंपा जा चुका है। इसके अलावा सरकार ने खंड के सफाई कर्मचारियों का वर्दी भत्ता 20 अप्रैल 2021 से 35 सौ रुपये से बढ़ाकर चार हजार कर दिया था, परंतु खंड सिहमा के सफाई कर्मचारियों को आज तक वर्दी भत्ता 3500 रुपये ही मिल रहा है, जबकि बढ़े हुए पैसे के अनुसार मिलना चाहिए था। उन्होंने बताया कि अभी तक नवंबर 2023 के हड़ताल पर रहे कुछ सफाई कर्मचारियों की सेलरी डाली गई थी। अनेक बार स्थानीय विधायक ओमप्रकाश यादव, प्रदेश के मुख्यमंत्री, डीडीपीओ नारनौल, बीडीपीओ सिहमा को लिखित शिकायत दी है। परंतु उसकी सुनवाई नहीं हुई है। वहीं इसी वर्ष मई से 16 हजार रुपये सैलरी मिलनी शुरू हुई है। नारनौल एवं अटेली ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों को जनवरी 2025 से 16 हजार रुपये सेलरी मिल रही है। वर्ष 2021 से लेकर 2023 तक चार हजार रुपये वर्दी भत्ता था। इन तीन वर्षों में उनको केवल 3500 रुपये ही दिए हैं। ब्लॉक के अधिकारी हमेशा हमें आश्वासन ही देते हैं। खंड सिहमा में लगभग 37 सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी गांवों को सुंदर बनाने में हर प्रकार का प्रयास करते रहते हैं, परंतु सेलरी समय पर, लेकिन कटौती करके दी जाती है।

### सफाईकर्मियों ने यह लगाया आरोप

खंड सिहमा के सफाई कर्मचारी अनेक बार रविवार को भी गांव में साफ सफाई का कार्य करते हैं। इस बारे में खंड सिहमा के सफाई कर्मचारियों की सेलरी का कार्य देख रहे सतीश कुमार ने बताया कि नवंबर 2023 में खंड सिहमा की सफाई कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हुए थे। उसे दौरान इन पर नो वर्क नो पे का रूल लागू हुआ था। जिसके लिए बीडीपीओ ने सेलरी डालने के लिए मना कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात चोरों ने नकदी व जेवरात किए चोरी

**कनीना।** गांव सुंदरह में अज्ञात चोरों ने एक घर से नकदी व जेवरात चोरी कर लिए हैं। मकान मालिक पंकज कुमार ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार सहित चंडीगढ़ में रहता है। गांव में उसका पुश्तैनी मकान है, जहां 23 अगस्त की रात्रि को अज्ञात चोरों ने घर में रखी नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक 29 को

**नारनौल।** सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा 29 अगस्त को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित 12 मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे, जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा समाधान किया जाएगा।

### डॉ. मानव को मिला अटल पुरस्कार

**नारनौल।** वरिष्ठ कवि डॉ. रामनिवास मानव को मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी भोपाल द्वारा एक लाख का अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय कविता पुरस्कार 2022 प्रदान किया गया है। अकादमी द्वारा भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित एक सम्मान समारोह में संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के संचालक एनपी नामदेव, उद्घोषक पद्मश्री सुशील दोषी और अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने सम्मान पत्र और पुरस्कार राशि का चेक भेंटकर उन्हें पुरस्कृत किया।

### बाल्यावस्था से ही अनुशासन सिखाती है स्काउटिंग गाइडिंग

**नारनौल।** डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्काउट गाइड एवं कब बुलबुल परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव के आदेशानुसार राजेश दुहान प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षणों के द्वारा विद्यार्थियों में नैतिक गुणों के विकास के साथ साथ चरित्र निर्माण होता है और वे समाज में एक सभ्य नागरिक बनते हैं।

# गणेशोत्सवः घर-घर विराजेंगे गणपति, 10 दिन तक पूरे विधि-विधान से होगी पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को देशभर में गणेश चतुर्थी को गणेश जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन से गणेश उत्सव का भी शुभारंभ हो जाता है, जो अगले 10 दिनों तक चलता है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग धूमधाम से मिट्टी से बनी गणपति की मूर्ति घरों, मंदिर और बड़े-बड़े पंडालों में लाकर स्थापित करते है। इसके बाद 10 दिनों तक उसकी पूरी विधि–विधान से पूजा अर्चना करते है। फिर चतुर्दशी वाले दिन



पंडित राहुल भारद्वाज

किसी पवित्र नदी के बहते जल में विसर्जित करते है।ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि चतुर्थी से चतुर्दशी से चलने वाला यह पर्व 27 अगस्त गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होगा। छह सितंबर अनंत चतुर्दशी वाले दिन इस महोत्सव का समापन होगा। उन्होंने बताया कि मान्यताओं के अनुसार महर्षि वेदव्यास ने महाभारत की रचना के लिए भगवान श्रीगणेश का आह्वान किया था। महर्षि व्यास बोलते गए और गणपति भगवान बिना रूके 10 दिनों तक महाभारत को लिखते गए। इन 10 दिनों में भगवान श्रीगणेश को एक ही मुद्रा में बैठे-बैठे धूल मिट्टी की परत जम गई। उसी को साफ करने के लिए 10 दिन बाद यानी अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश जी ने सरस्वती नदी में स्नान कर खुद को साफ किया। उस दिन के बाद से ही 10 दिन तक गणेश उत्सव मनाया जाने लगा। रिद्धि सिद्धि के दाता गणपति को मोदक और लड्डू बहुत प्रिय है, इनका भोग लगाएं और ओम गणपतये नमः मंत्र बोलते हुए रोज दूब चढ़ाए। पौराणिक कथा के अनुसार गणेश जी को अनलासुर नामक राक्षस के कोप से बचाने के बाद पेट में जलन हुई थी, जिसे कश्यप ऋषि ने उन्हें खिलाकर शांत किया था, इसलिए गणेश जी को दूर्वा बहुत प्रिय है।

#### गणेश चतुर्थी को चांद के दर्शन नहीं करने चाहिए

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गणेश चतुर्थी की रात्रि को चंद्रमा के दर्शन वर्जित माना गया है। इस रात चांद के दर्शन करने से कोई झूठा कलंक लग सकता है। गणेश जी ने चंद्रमा को श्राप दिया था कि जो व्यक्ति भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के चंद्रमा के दर्शन करेगा वो मिथ्या दोष से कलंकित हो जाएगा। एक बार भगवान श्रीकृष्ण ने इस चंद्रमा का दर्शन कर लिया था। उनके ऊपर भी स्यमंतक मणि के चोरी का आरोप लग गया था। इसलिए गणेश चतुर्थी को भूलकर भी चंद्रमा का दर्शन नहीं करना चाहिए। अगर गलती से हो जाए तो स्यमन्तक मणि की कथा सुननी चाहिए।

#### इन 12 नामों के जप करने चाहिए

भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना गया है। अच्छी बुद्धि और विद्या की प्राप्ति के लिए गणपति की पूजा-अर्चना का विधान है और इन 12 नाम का स्मरण करना चाहिए। गणेशजी के वैसे तो अनेक नाम हैं, लेकिन ये 12 नाम प्रमुख हैं, जिनमें सुमुख, एकदंत, कपिल, गजकर्णक, लंबोदर, विकट, विघ्न-नाश, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचंद्र, गजानन। शास्त्रों में बताया गया है कि भगवान श्रीगणेश के इन 12 नामों का पाठ करने से विद्या चाहने वाले को विद्या, धन चाहने वाले को धन, पुत्र चाहने वाले को पुत्र व मोक्ष की इच्छा रखने वाले को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

#### गणेश मूर्ति स्थापना, पूजा का शुभ मुहूर्त व योग

गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर कई सारे शुभ योग बन रहे हैं, जो इस दिन की महत्ता को और भी बढ़ा दे रहे हैं। इस दिन प्रीति योग, सर्वार्थ सिद्धि योग व रवि योग के साथ इंद्र-ब्रह्म योग का संयोग बन रहा है। कर्क राशि में बुध और शुक्र का संयोग बनने से लक्ष्मी-नारायण योग बन रहा है, जो समृद्धि, धन और पारिवारिक जीवन के सुख का प्रतीक है। शुभ मुहूर्त सुबह 6:02 बजे से सुबह 9:15 बजे तक रहेगा। इसके बाद शुभ का चौघड़िया रहेगा, जो सुबह 10:51 बजे से दोपहर 12:27 बजे तक रहेगा।

### 7 से 25 अगस्त तक प्राइवेट अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के तहत नहीं किया उपचार

# आयुष्मान योजना का बजट जारी करने पर प्राइवेट अस्पतालों ने इलाज किया शुरू

*प्राइवेट अस्पतालों का योजना के तहत बजट जारी न करने पर रोक दिया गया था आयुष्मान के तहत गरीबों का उपचार*

महेंद्रगढ़ जिले के 57 अस्पतालों में लागू है यह योजना, जिसमें 29 सरकारी तो 28 प्राइवेट अस्पताल हैं शामिल

राजकुमार ▶▶| नारनौल

प्रदेश सरकार द्वारा आयुष्मान/चिरायु योजना का बजट जारी करने पर पैनल में शामिल प्राइवेट अस्पतालों ने बीपीएल परिवारों के मरीजों का इलाज करना शुरू कर दिया है। इससे बीपीएल परिवारों के गरीब मरीजों को राहत मिली है। बता दें कि सरकार ने प्रदेश के सूचीबद्ध 675 प्राइवेट अस्पतालों को लगभग 291 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है, जो पैनल में शामिल अस्पतालों को मिलना शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत एक ऐसी स्कीम लांच की हुई है, जिसके जरिए गरीब लोगों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मुहैया करवाया गया है। हरियाणा प्रदेश में इस योजना को चिरायु आयुष्मान योजना के नाम से भी जाना जाता है। कोई भी पात्र बीपीएल मरीज इस योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का सरकारी या पैनल में शामिल प्राइवेट अस्पताल से इलाज करवा सकता है। इस योजना में कुछ पैकेज बनाए हुए हैं और उन्हीं पैकेज के अंतर्गत ही मरीज का इलाज करना होता है। इलाज करने के बाद संबंधित अस्पताल सरकार से मरीज पर हुए खर्च का बजट क्लेम करते हैं।



नारनौल। नागरिक अस्पताल। फोटो : हरिभूमि

#### यह बोले आइएमए के संरक्षक

आईएमए के संरक्षक एवं शांति अस्पताल के संचालक डा. ओपी यादव ने बताया कि सरकार ने आईएमए की मांगों को मान लिया है और बजट जारी कर दिया है। शुरूआत में लगभग 291 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जो अस्पतालों के बैंक खातों में आना शुरू हो गया है। बजट जारी होने पर ही बंद इलाज को खोल दिया गया है तथा अब बीपीएल लोग इस योजना के तहत प्राइवेट में उपचार करवा सकते हैं। सरकार के सामने बंद किए गए पैकेज फिर से स्टार्ट करने, पैकेज रिवाइज करने तथा अस्पतालों पर की जा रही छापेमारी को रोकने की मांगें रखी थी, जिन्हें माने जाने का आश्वासन मिला है।

#### 18 दिन बंद रहा उपचार

बता दें कि इस वित्त वर्ष में सरकार ने प्राइवेट अस्पताल का योजना के तहत भेजे गए क्लेम का बजट रोक दिया था।

काफी इंतजार के बाद भी जब सरकार ने बजट जारी नहीं किया, तब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर पैनल में शामिल प्राइवेट अस्पतालों ने विरोध स्वरूप आयुष्मान योजना के तहत उपचार बंद कर दिया था। यह विरोध गत 5 अगस्त से शुरू हुआ था, जो 25 अगस्त तक यानि 18 दिन तक रेगलुर चला।

#### जिले के ये अस्पताल हैं पैनलबद्ध

सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत बीपीएल गरीब पात्र मरीजों का इलाज करने के लिए प्राइवेट अस्पतालों से टाइअप कर रखा है, जिनमें महेंद्रगढ़ जिले के कुल 57 अस्पतालों में से 29 सरकारी एवं 28 प्राइवेट अस्पताल शामिल हैं। प्राइवेट अस्पतालों में कृष्णा हॉस्पिटल नारनौल, कृष्णा आई हॉस्पिटल, संवेदना अस्पताल, गेटवैल अस्पताल, गंगा देवी पांडे आई हॉस्पिटल, इमरान ईएनटी अस्पताल, सिंघल मेडिकल सर्जिकल एंड मैट्रनिटी सेंटर, शांति अस्पताल, बंसल आई केयर हॉस्पिटल, गोयल नेत्र चिकित्सालय, यादव आर्थो एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रेनबो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर, पूजा हॉस्पिटल, ओम हॉस्पिटल, जयपुर हर्ट एंड जनरल हॉस्पिटल, सीबीएम हेल्थ केयर, लक्ष्मीनारायण हॉस्पिटल, सावित्री देवी आई हॉस्पिटल, प्रताप हॉस्पिटल, जीके सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, श्री अरविंद हर्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, अग्रवाल नर्सिंग होम एंड एल्फा डॉयग्रोस्टिक सेंटर, शीला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर, राम नर्सिंग होम, मुरारी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर, मायावती हॉस्पिटल, चौहान आई हॉस्पिटल एवं स्पर्श हॉस्पिटल शामिल हैं।

#### पांच बीमारियों का प्राइवेट में इलाज बंदः

आयुष्मान कार्ड धारकों खासरकर पैनलबद्ध प्राइवेट अस्पतालों को सरकार ने झटका दो माह पहले झटका दिया हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के तहत प्राइवेट अस्पतालों में अब पांच बीमारियों के इलाज के लिए आपरेशन नहीं होंगे। इसमें मोतियाबिंद, बच्चेदानी, दूरबीन से पित्त की थैली का आपरेशन, उल्टी दस्त की बीमारी और सांस संबंधी दमा के रोगों का इलाज शामिल है, जो इस योजना के तहत प्राइवेट में नहीं किए जाएंगे। ऐसे में अब आयुष्मान योजना में कार्डधारकों को इन पांच बीमारियों के इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल में ही जाना पड़ेगा।

# एसडीम स्कूल में बॉक्सिंग के खिलाड़ी को किया सम्मानित



कनीना। छात्र को सम्मानित करते अजमेर सिंह दांगी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

गांव छितरौली स्थित एसडीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय स्कूली गेम में विजेता रहे बॉक्सिंग खिलाड़ी देवेंद्र को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांव के सरपंच बलवान सिंह आर्य थे। मुख्यातिथि ने देवेंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपना कैरियर बनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर अजमेर सिंह दांगी ने की। उन्होंने बताया कि (अंडर-19) जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देवेंद्र ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 7 सितंबर को चरखी दादरी में होने वाली राज्य स्तरीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट में महेंद्रगढ़ जिले का नेतृत्व करेंगे। देवेंद्र के दादा पूर्व सरपंच सुमेर सिंह ने बताया कि देवेंद्र का बचपन से ही खेलों में रुझान था। इससे पहले भी दो बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुका है। इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री, सूबेदार सुखबीर सिंह, देवेंद्र के बड़े भाई हरविंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### गणेश उत्सव के लिए सजकर तैयार पंडाल



**नारनौल।** श्री सिद्धी विनायक सेवा मंडल की ओर से आठवां श्री गणेश महोत्सव सिल्ली का राजा 27 अगस्त से 6 सितंबर तक धोलियान की सिल्ली छत्ते के पास नलापुर रोड पर मनाया जाएगा। संस्था के वरिष्ठ सदस्य सचिन गर्ग व सुरेन्द्र जैन ने बताया कि भगवान गणेश की पालकी व कलश यात्रा चामुंडा मंदिर से आजाद चौक, नया बाजार, मानक चौक, बजाजा बाजार व शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए उत्सव स्थल पर पहुंचेगी। सुरेन्द्र जैन ने बताया कि भगवान श्री गणेश की प्रातः व रात्रि मे भव्य महा आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आजादी की 79वां साल होने पर एक विशेष थीम व ऑपरेशन सिंदूर पर भी विशेष थीम होगी।

# विकास योजनाओं को गति व जनकल्याणकारी योजनाओं की समयबद्ध डिलीवरी प्राथमिकता



नारनौल। पत्रकारों से बातचीत करते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि डीसी के तौर पर उनकी प्राथमिकता विकास परियोजनाओं को गति देने के साथ-साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्येक लाभपात्र को निश्चित अवधि में लाभ देना रहेगा। उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

वर्ष 2012 बैच के आईएएस कैप्टन मनोज कुमार ने स्पष्ट किया कि योजनाओं तथा सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी पर उनका विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों में आने वाली हर शिकायत की गहराई के साथ समीक्षा की जाएगी। आमजन को त्वरित समाधान मिलेगा। स्वच्छता पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी अधिकारियों की बैठक लेकर बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान पहले शहरों तथा बाद में ग्राम स्तर तक ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में सुधार करना, प्रशासनिक कार्य को सुव्यवस्थित करना, सरकारी योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना और जनता की शिकायतों का तुरंत समाधान करना लक्ष्य है।

# उत्तम क्षमा धर्म के साथ शुरू होगा जैन समाज का पर्युषण पर्व : गोपाल जैन

- तीनों मंदिरों में प्रात:कालीन अभिषेक, शांतिधारा व सामूहिक पूजा की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के मोहल्ला नलापुर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, महावीर दिगंबर जैन मंदिर प्रेस गली व पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन समाज के 28 अगस्त से पर्युषण पर्व आयोजित किए जाएंगे। तीनों मंदिरों में प्रातःकालीन अभिषेक, शांतिधारा व सामूहिक पूजा की जाएगी।

शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक सुबह सात बजे, शांति धारा आठ बजे व सामूहिक पूजा 8:15 बजे तथा शाम को संगीतमय आरती व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समाज के बच्चों के सहयोग के साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महावीर दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक सुबह छह बजे, शांति धारा 7:15 बजे व सामूहिक पूजा आठ बजे व सायंकालीन आरती 6:30 बजे होगी।



नारनौल। पर्युषण पर्व के लिए सजाया गया मंदिर। फोटो : हरिभूमि

पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के प्रधान कपिल जैन ने बताया कि पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक सुबह 6:15 बजे, शांति धारा 6:30 बजे व सामूहिक पूजा 07:15 बजे आरंभ होगी। समाज के पूर्व मीडिया प्रभारी गोपाल जैन ने बताया कि यह पर्व भगवान महावीर के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म पर चलना सिखाता है।

इन दिनों में त्याग और संयम के साथ शारीरिक और मानसिक तप से आत्मशुद्धि की जाती है। जैन समाज पर्युषण पर्व, दसलक्षण पर्व 10 दिन तक मनाएंगे, जिसे दस लक्षण कहते हैं।

### बीआर स्कूल सेहलंग में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेहलंग में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएचसी सेहलंग से आए डॉ. हितेश अरोड़ा व उनकी टीम सदस्य राजेंद्र सांगवान सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हितेश अरोड़ा ने विद्यार्थियों को एलबेंडाजोल की दवाई खिलाई और कृमि संक्रमण से होने वाले नुकसान तथा इससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि स्वच्छता, हाथ धोने की आदत और समय पर दवाई लेना कृमि संक्रमण से बचाव के सबसे प्रभावी तरीके हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि विद्यालय में समय समय पर स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाया जा सके।

### जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

नारनौल। सूरज स्कूल के होनहार छात्रों ने जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 22 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी मेहनत, लगन और खेल कौशल का परिचय देते हुए 12 स्वर्ण पदक, आठ रजत पदक व तीन कांस्य पदक जीते। यह उपलब्धि न सिर्फ विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इससे पहले भी सूरज स्कूल के खिलाड़ी जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक जीत चुके हैं। विद्यालय के खिलाड़ियों ने लगातार अपनी मेहनत और अनुशासन से विद्यालय का नाम जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक रोशन किया है। कराटे कोच कृष्ण कुमार ने बताया कि गुंजन, आरवि, अंशु, आशु, स्नेहा, अशिंका, आकाश, हर्षिता, लवप्रीत, चिराग, पुनीत व गुंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अस्मित, दिशा, दृष्टि, दक्षिता, ऋषभ, मयंक व कृष दूसरे स्थान पर रहे। इशांत, हिमाक्षी व अजय तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल रितू चहल ने कहा कि हमें विश्वास है कि विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी सफलता का परचम लहराएंगे। स्कूल के डायरेक्टर संदीप प्रसाद ने कहा कि बच्चों पर गर्व है और आशा है कि वे आने वाले समय में भी इसी तरह उपलब्धियों की नई ऊंचाइयाँ छुएंगे। उक्त सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# कांग्रेस पार्टी, संगठन सर्जन अभियान के माध्यम से खड़ा करेगी मजबूत संगठन

- देश के अन्य राज्यों में भी जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

दिल्ली के इंदिरा भवन में हाल ही में नियुक्त किए पर्यवेक्षकों की बैठक बुलाई गई, जिसमें पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने बतौर उत्तराखंड पर्यवेक्षक भाग लिया। जिस प्रकार से हाल ही में हरियाणा, गुजरात व मध्य प्रदेश में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई, उसी तरह से अब देश के अन्य राज्यों में भी जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। इसी कड़ी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पंजाब, उत्तराखंड, झारखंड व उड़ीसा



राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री

राज्यों में भी संगठन निर्माण को लेकर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी, जिसमें पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह को उत्तराखंड में पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस संगठन निर्माण संबंधी मुद्दों को लेकर चर्चा हुई व शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिशा–निर्देश दिए गए। राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि बैठक में मुख्य मुद्दा पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत व सक्रिय करना रहा। वहीं पार्टी के पुराने साथियों के साथ–साथ नए काबिल व मेहनती लोगों को पार्टी से जोड़ने को लेकर मंथन किया गया। राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि दिल्ली में बैठक के अनुसार दो सितंबर से 14 सितंबर तक ग्राउंड लेवल पर स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं से बैठक की जाएगी व पार्टी के प्रति समर्पित, ईमानदार व मेहनती कार्यकर्ता की सूचित तैयार की जाएगी, जिसकी रिपोर्ट 16 सितंबर को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी जाएगी।

### पेयजल बर्बाद करने वाले व अवैध कनेक्शनधारकों पर होगी कार्यवाही

# जनजागरूकता अभियान के तहत काटे 17 कनेक्शन

- डायरिया रोको अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जनजागरूकता अभियान के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीमें जिला की विभिन्न ग्राम पंचायतों और शहरों में जल की बर्बादी रोकने तथा बरसात के मौसम में डायरिया रोको अभियान को तेजी से चलाते हुए उपभोक्ताओं को जागरूक कर रही हैं। वहीं अवैध कनेक्शनधारियों को चिन्हित करके उनके कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं ताकि पेयजल का समान वितरण हो सके। मंगलवार को नारनौल खंड की ग्राम पंचायत डोहर कलां में सरपंच श्याम सुंदर, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति विभाग के उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार शर्मा एवं बीआरसी इंद्रजीत की अगुवाई में मैन पाइपलाइन पर लगे 17 अवैध कनेक्शन काटे गए।

उपमंडल अभियंता ने बताया कि डोहर कलां से लंबे समय से मैन पाइपलाइन में अवैध कनेक्शनों की शिकायत मिल रही थी। इस विषय को शिकायत निवारण समिति के समक्ष भी उठाया गया था, जिस पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम के साथ अभियान चलाकर अवैध कनेक्शन काट दिए। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि विभाग की टीमें पूरी तरह सक्रिय हैं। शहरों में सीवर व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ बारिश के मौसम में पाइपलाइन लीकेज से दूषित जल की सप्लाई रोकने हेतु शहरभर में टीमों का गठन किया गया है।

लीकेज की शिकायत मिलते ही तुरंत सुधार करने के निर्देश परिमंडल कार्यालय से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जन जागरूकता अभियान के तहत खंड संसाधन संयोजकों की टीमें और माई युवा भारत के स्वयंसेवी ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को पेयजल की गुणवत्ता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। स्कूलों व आंगनबाड़ियों में बच्चों को पेयजल संरक्षण एवं उसकी गुणवत्ता बनाए रखने के तरीके सिखाए जा रहे हैं ताकि दूषित जल से होने वाली डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सके। इसके अलावा ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों को भी पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को क्लोरीन जांच का प्रशिक्षण देकर गांवों में क्लोरीनेशन जांच शुरू करवाई जा रही है ताकि ग्रामीणों को जीवाणुमुक्त पेयजल उपलब्ध हो सके।

### अटेली से कुण्ड के बीच नए रेलवे ट्रैक पर स्पीड ट्रायल आज से

**मंडी अटेली।** उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से अटेली से कुण्ड रेलवे स्टेशन के बीच नए बिछाए गए ट्रैक पर 27 अगस्त से 29 अगस्त 2025 तक तीव्र गति से स्पीड ट्रायल किए जाएंगे। रेलवे प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे इन तीन दिनों तक नए ट्रैक के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं और सावधानी बरतें। उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-IV ने बताया कि इंजन ट्रायल के दौरान ट्रैक पर किसी भी प्रकार की आवाजाही खतरे का कारण बन सकती है। अतः लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह चेतावनी जारी की गई है, ताकि परीक्षण के समय कोई दुर्घटना न हो सके।